दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रात:–8.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि:– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए से जवाब मांगा है।

02. प्रदेश में मनरेगा के तहत जॉब कार्डधारी बेरोजगार युवकों को मिलेगा बेरोजगारी भत्ता।

03. प्रदेश में आज से पन्द्रह अक्टूबर तक नदियों से बालू खनन पर रोक लगा दी गयी है।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर राज्य के सबसे गर्म जिले रहे।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए से जवाब मांगा है। सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है।

————————————————————————

इस बीच, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया कि कांग्रेस नीट मुद्दे पर गलत सूचना फैला रही है। श्री प्रधान ने कहा कि सरकार अदालत के आदेश का पालन करेगी और वह पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्य किसी राजनीतिक आरोप से प्रभावित नहीं होंगे।

———बाईट———

नीट को लेकर 41 पिटीशन पडी है विभिन्न हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सारा विषय सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है। सुप्रीम कोर्ट भी भारत सरकार को पक्ष किया है एनटीए को भी पक्ष किया है। जितने सारे जानकारी हमारे पास रहेगी तब तक हम पारदर्शी तरीके से आदरणीय कोर्ट के सामने रखेंगे और कोर्ट जैसे कहेगा वैसे किया जाएगा मैं सरकार की ओर से सारा विद्यार्थियों का अस्वस्थ करता हूं पारदर्शी तरीका अपनाई जायेगी।

इधर, आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने बिहार में नीट–यूजी पेपर लीक मामले में नौ परीक्षार्थियों को नोटिस भेजा है। ईओयू ने सभी को अभिभावकों के साथ पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया है। यह सभी छात्र राज्य के अलग–अलग जिलों के हैं।

————————————————————————

प्रदेश में अब मनरेगा के तहत बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली दो हजार चौबीस को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि नियमावली के अनुसार जाब कार्ड धारक बेरोजगारों को मनरेगा के तहत रोजगार के लिए आवेदन देना होगा। यदि आवेदक को पन्द्रह दिनों के भीतर रोजगार नहीं मिलता है तो उन्हें सरकार दैनिक बेरोजगारी भत्ता देगी।

———बाईट———

कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों के आवासीय भत्ते में एक से चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। ये बढ़ोतरी शहरों की श्रेणी के आधार पर की गयी है। राज्य मंत्रिमंडल ने आम लोगों को राजस्व दस्तावेज ऑनलाईन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर के बाद दो दिनों के अन्दर दस्तावेज ऑनलाईन प्राप्त किये जा सकते हैं। कैबिनेट ने एएनएम और जीएनएम ट्रेनिंग स्कूलों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक के दो सौ सैंतालीस पदों के सृजन को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने कुल पच्चीस प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

———————————————————————————

प्रदेश में आज से पन्द्रह अक्टूबर तक नदियों से बालू खनन पर रोक लगा दी गयी है। खान निदेशक मोहम्मद नैय्यर इकबाल ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में निर्देश भेज दिया है। साथ ही संबंधित थानों को नियमित निगरानी का निर्देश भी दिया गया है।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार खनिज नियमावली का अनुपालन नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन की दोषी पायी। गयीं गया जिले की खनिज विकास पदाधिकारी निधि भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए छोटी–छोटी नदियों से निकलने वाले नालों पर तीस फिट तक का दो सौ बारह पक्के चेक डेम का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने पटना में राज्य स्तरीय खरीफ कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत

जलछाजन क्षेत्र में लगभग छह हजार जन संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कराया जायेगा।

———————————————————————————

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में असीम सम्भावना है और सरकार निवेशकों के साथ हर सम्भव सहयोग करेगी। नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर मीट में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि बिहार में प्राचीन गौरवपूर्ण विरासत है। इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पर्यटन नीति बनाई है। श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। बक्सर, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर समेत तेरह जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रही। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर राज्य के सबसे गर्म जिले रहे। पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि आज भी राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की उत्तरी सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, लेकिन अगले चार से पांच दिनों के दौरान इसके बिहार के उत्तर–पूर्वी भागों में आगे बढ़ने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, अरवल जिले के करपी प्रखंड के बस्ती बीघा गांव में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

———————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को सभी निरस्त दाखिलों या माइग्रेशन के मामले में तीस सितंबर तक पूरी फीस लौटानी होगी। आयोग की यह नीति चालू शिक्षा सत्र के लिए है। आयोग ने यह कदम दाखिला रद्द करने या नाम वापस लेने पर फीस लौटाने के संबंध में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों को देखते हुए उठाया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, आयोग से मान्यता–प्राप्त संस्थानों, सम–विश्वविद्यालयों और

दाखिला परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू होगी। आयोग ने यह भी कहा कि इस वर्ष तीस सितंबर से इकतीस अक्टूबर के बीच रिफंड जारी किया जाएगा और प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में अधिकतम एक हजार रुपये की कटौती की जा सकेगी। इकतीस अक्टूबर के बाद के दाखिले के लिए, अक्टूबर–दो हजार अठारह के प्रावधान लागू होंगे। आयोग ने कहा है कि इस नीति का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

———————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उम्मीदवार इक्कीस जून तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित है। मतदान दस जुलाई को होगा, जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। गौरतलब है कि जदयू विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यह उप चुनाव कराया जा रहा है। इधर, जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल रूपौली विधानसभा उप चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार होंगे।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे गर्मी की छुट्‌टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए पटना–मैंगलूरू सेंट्रल और वापी–दानापुर के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना–मैंगलूरू स्पेशल ट्रेन पंद्रह, बाईस और उनतीस जून को रात साढ़े दस बजे पटना से रवाना होगी। वहीं, वापी–दानापुर विशेष ट्रेन कल से शुरू हो गयी है, जो तेरह जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को रात दस बजे वापी से प्रस्थान करेगी।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे जोन के अलग–अलग स्टेशनों से चलने वाली एक सौ तैंतीस पैंसेंजर ट्रेनों का विशेष दर्जा एक जुलाई से खत्म कर दिया जायेगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि विशेष ट्रेन को पहले की तरह मेमू और पैंसेंजर ट्रेनों की तरह चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के बाद इन ट्रेनों के किरायों में लगभग पचास प्रतिशत की कमी आयेगी।

———————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में कनाडा से खेलेगा। यह मैच फ्लोरिडा में, भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। इससे पहले, कल आयरलैंड के साथ मुकाबला रद्द हो जाने के बाद, अमरीका ने सुपर आठ में जगह बना ली। यह पहला मौक़ा है जब अमरीका सुपर आठ में पहुंचा है। भारत के बाद अमरीका ग्रुप–ए की दूसरी टीम है, जो

सुपर–ऐट में पहुंची है। पूर्व चौंपियन पाकिस्तान और आयरलैंड सुपर–ऐट की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल के ककरघट्टी स्टेशन के पास जयनगर से नई दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन पर असमाजिक तत्वों ने पथराव किया, जिससे तीन कोच की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गई। पथराव में तीन यात्री घायल हो गए।

————————————————————————

खगड़िया के जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे ने जिले में एक ही पद पर तीन वर्षों से ज्यादा समय से पदस्थापित बयालीस कर्मचारियों को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। उन्होंने तीस जून तक नई जगहों पर पदभार ग्रहण करने का निर्देश भी दिया है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट–यूजी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले से जुड़ी खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– सुप्रीम कोर्ट ने नीट पर केन्द्र से जवाब मांगा।

दैनिक जागरण ने शिक्षा से जुड़ी खबर पर लिखा है– शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से साल में दो बार होंगी दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं।

दैनिक भास्कर ने रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार चयन को तरजीह देते हुये लिखा है– राजद और भाकपा में रार, जदयू ने उतारा उम्मीदवार।

प्रभात खबर का शीर्षक है– सक्षमता परीक्षा छब्बीस से अट्ठाईस जून तक। पचासी हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल।

आज अखबार लिखता है– मनरेगा में काम नहीं मिलने पर मिलेगा बेरोजगारी भत्ता।

राष्ट्रीय सहारा ने जी–सेवन की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का शीर्षक लगाया है– वार्ता व कूटनीति से ही बनेगी बात।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए से जवाब मांगा है।
02. प्रदेश में मनरेगा के तहत जॉब कार्डधारी बेरोजगार युवकों को मिलेगा बेरोजगारी भत्ता।

03. प्रदेश में आज से पन्द्रह अक्टूबर तक नदियों से बालू खनन पर रोक लगा दी गयी है।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर राज्य के सबसे गर्म जिले रहे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।